संख्या-48/466/78-1-2014-01आई0टी0-1/2006

प्रेषक,

महेन्द्र प्रसाद भारती,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
यूपीएलसी, लखनऊ।

आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स अनु0-1 लखनऊ: दिनांक:20 मई,2014

विषय: शासकीय कम्प्यूटर लैब का उपयोग ई-राज्य उद्यमी प्रशिक्षण ईकाई ई-सेतु के रूप में किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-यूपीएलसी:कम्प्यूटर लैब:जनरल, दिनांक-27-12-2013 एवं पत्र संख्या-यूपीएलसी:कम्प्यूटर लैब:जनरल, दिनांक 03-01-2014 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा 14 जनपदों में सरकारी कर्मचारियों/अधिकारियों को कम्प्यूटर प्रशिक्षण दिये जाने हेतु स्थापित कम्प्यूटर लैब का उपयोग ई-सेतु (E-SETU) के अन्तर्गत के रूप में स्थापित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त 14 जनपदों में स्थापित कम्प्यूटर लैब में से लखनऊ को छोडकर शेष 13 जनपदों में शासकीय कार्यालयों यथा मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पंचायती राज विभाग के कार्यालयों एवं अन्य कार्यालयों में स्थापित कम्प्यूटर लैब को सरकारी कार्मिकों के प्रशिक्षण के साथ-साथ, ग्रामीण क्षेत्रों के शिक्षित युवा बेरोजगारों को भी कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कर रोजगार प्राप्त किये जाने में सहायता किये जाने के उद्देश्य से इन प्रशिक्षण केन्द्रों को **ई-सेतु (E-SETU) के अन्तर्गत Rural Technology and Business Incubation Center के रूप में स्थापित किये जाने का निर्णय इस शर्त के अधीन लिया गया है** कि पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पी0पी0पी0) के अन्तर्गत कोई भी कार्यवाही पूर्ण पारदर्शी आनलाइन व्यवस्था अपनाते हुए की जायेगी। उक्त योजना का उद्देश्य निम्नवत है:-

(1) ई-सेतु (E-SETU) केन्द्रों का संचालन पब्लिक प्राईवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के आधार पर स्वचालित (Self-sustainable) रूप से चलाया जायेगा।

(2) इन केन्द्रों पर ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को सम्बन्धित क्षेत्रों में / द्वारा स्व: उद्यम के रूप मे विकास किया जायेगा।

http://shrisandesh.up.nic.in

(3) इन केन्द्रों पर उपलब्ध अवस्थापना सुविधाएं तथा इन्टरनेट के उपयोग से बेरोजगार युवकों का औद्योगिक/व्यवसायिक घरानों से कराया जायेगा, जिससे उनकी आवश्यकता के अनुरूप प्रशिक्षण देकर उनको बनाया जा सके।

(4) ग्रामीण क्षेत्रों के लिए उपलब्ध करायी जायेगी।

(5) इन केन्द्रों के माध्यम से कृषि, स्वास्थ्य, वित्त, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, उद्योग, सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में का विकास कर उनको प्रदेश के अन्य स्थानों पर क्रियान्वित कराया जा सकेगा।

(6) उक्त केन्दों के माध्यम से नेशनल ई-गवर्नेन्स प्लान के अन्तर्गत उपलब्ध करायी जा रही विभिन्न शासकीय सेवाओं के लिए भी उत्तम उपयोग किया जा सकेगा।

(7) उ0प्र0 इलेट्रानिक्स कारपोरेशन द्वारा ई-सेतु (E-SETU)सम्बन्धी समस्त कार्यवाही की जायेगी।

3- कृपया उपरोक्तानुसार अग्रेतर अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए कृत कार्यवाही से शासन को भी अगवत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव ।

संख्या-48/466 (1)/78-1-2014 तददिनांक

उपर्युक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
3- अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
4- प्रबन्ध निदेशक, यूपीडेस्को लखनऊ ।
5- जिलाधिकारी, गाजियाबाद/आगरा/सहारनपुर/ज्योतिबा फुलेनगर/अलीगढ/गोरखपुर/कानपुर/कौशाम्बी/गोण्डा/बॉदा/मिर्जापुर/वाराणसी एवं कन्नौज
6 गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(महेन्द्र प्रसाद भारती)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in